**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 15.07.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **निर्वाचन आयोग ने एसआइआर कार्य में लगे बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजरों को छह हजार रूपये का एकमुश्त मानदेय देने का लिया निर्णय।**

2. **झारखंड हाईकोर्ट ने बोकारो स्टील प्लांट के लिए बिना अधिग्रहण के ली गयी जमीन के बदले मुआवजा देने के लिए निर्देश देने से किया इनकार, कहा– प्रार्थी मालिकाना हक साबित करे।**

3. **राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा व्यवस्था को नया स्वरूप देने की दिशा में बीआईटी सिंदरी को शोध और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाने का लिया निर्णय।**

4. **स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने केपटाउन में 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में झारखंड का प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए रणनीति और विभिन्न एजेंडों पर की चर्चा।**

5. **मौसम विभाग ने आज रांची, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, प. सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला–खरसावां में भारी बारिश का जारी किया अलर्ट।**

**********************

चुनाव आयोग ने एसआइआर कार्य में लगे बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजरों को छह हजार रुपये का एकमुश्त मानदेय देने का निर्णय लिया है। यह राशि उन्हें मिलने वाले पारिश्रमिक के अतिरिक्त होगी। चुनाव आयोग ने इस विशेष अभियान में काम के भारी बोझ को देखते हुए यह फैसला लिया है। इस फैसले से झारखंड समेत उन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लाभ मिलेगा, जहां एसआइआर चल रहा है।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट ने बोकारो स्टील प्लांट के लिए कथित रूप से बिना अधिग्रहण के उपयोग में ली गई जमीन के बदले मुआवजा देने का निर्देश देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि जब तक प्रार्थी विवादित जमीन पर अपना कानूनी मालिकाना हक साबित नहीं कर देते, तब तक मुआवजे का दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट ने धनबाद के बहुचर्चित जज उत्तम आनंद हत्याकांड में दोषी राहुल वर्मा और लखन वर्मा की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखते हुए उनकी आपराधिक अपील खारिज कर दी है। अदालत ने इस घटना को न्यायपालिका पर हमला बताते हुए निचली अदालत के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार किया।

**********************

राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा व्यवस्था को नया स्वरूप देने की दिशा में बीआईटी सिंदरी को शोध और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाने का निर्णय लिया है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार ने कल धनबाद में जिला प्रशासन और शैक्षणिक संस्थानों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। श्री पुरवार ने कहा कि बीआईटी सिंदरी झारखंड की तकनीकी शिक्षा की पहचान रहा है।

**********************

धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और निरसा विधायक अरूप चटर्जी के बीच सियासत पर आरोप–प्रत्यारोप जारी है। दोनों नेता अपने–अपने समर्थकों के साथ जनसभा और शक्ति प्रदर्शन करेंगे। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि आज निरसा में उनकी जनसभा होगी।

वहीं मार्क्सवादी समन्वय समिति विधायक अरूप चटर्जी ने भी आज अपने समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

इधर धनबाद जिला प्रशासन ने दोनों कार्यक्रमों में सुरक्षा को लेकर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की है।

*********************

विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने 13 सितम्बर से केपटाउन में आयोजित होने वाले 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में झारखंड से भाग लेने वाले प्रतिनिधिमंडल को लेकर कल बैठक की। इस दौरान झारखंड का प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए सम्मेलन की रणनीति और एजेंडा पर चर्चा की गई। सदस्यों ने राज्य के विकास और जनकल्याण से जुड़े विषयों को सम्मेलन में प्रमुखता से उठाने पर जोर दिया।

*********************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में बोर्ड ऑफ कंट्रोल कैंटीन सर्विसेज की 80वीं बैठक में कैंटीन स्टोर्स डिपार्टमेंट के कामकाज और रक्षा कर्मियों, पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। संजय सेठ ने कहा कि सीएसडी में किए जा रहे सुधार लाभार्थी–केंद्रित हैं और आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल तथा सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हैं।

*********************

डॉक्टर दिपेंद्र कुमार सिन्हा को रिम्स का नया कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। डॉक्टर सिन्हा ने बताया कि रिम्स की व्यवस्था मे कई व्यापक सुधार हुए हैं और आगे भी जारी रहेंगे।

*********************

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादी को मगध जोन में दोबारा सक्रिय करने और लेवी के जरिए आर्थिक संसाधन जुटाने के मामले में रांची के विशेष एनआईए अदालत में छठे आरोपी चंदन कुमार के खिलाफ तीसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला वर्ष 2021 में दर्ज किया गया था।

*********************

गुमला जिले के जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में कार्यरत रंजीत कुजूर और सेवानिवृत्त शिक्षक वत्स रविकांत को एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

*********************

बंगाल की खाड़ी के उत्तरी हिस्से में कम दबाव का क्षेत्र बनने से राज्य के विभिन्न जिलों में 18 जुलाई तक भारी बारिश, तेज हवा चलने और वज्रपात होने की संभावना है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र ने आज रांची, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, प. सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला– खरसावां में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

*********************

रांची स्थित जीडी गोयंका स्कूल, नामकुम में आयोजित दो दिवसीय रांची जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप सप्तऋषि ने वर्ष 2026 का चैंपियन ऑफ चैंपियंस खिताब जीता, जबकि रूपश्री, अभिमन्यु पांडे, पम्मी कुमारी और मौसम कुमार को विभिन्न विशेष उपाधियों से सम्मानित किया गया।

*********************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने **होर्मुज संकट** की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा....

**हिन्दुस्तान** ने धनबाद के जज <u>उत्तम आनंद हत्याकांड</u> में दोषियों की उम्रकैद को बरकरार रखने के हाईकोर्ट के फैसले को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– खूंटी–देवघर में एक करोड़ इक्कीस लाख रुपये की अवैध निकासी की जांच करेगा सीआईडी।

**प्रभात खबर** ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है – एमओयू करने वाली दस कंपनियां 25 हजार लोगों को देंगी रोजगार।

**दैनिक जागरण** ने रांची में पुलिसकर्मी को एसयूवी वाहन से टक्कर मारने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

**<u>*********************</u>**